सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

Coal India
CCL

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 600 वर्ष 45 राँची, जनवरी, 2024







# गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर उपस्थित सभी को सम्बोधित करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी

गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी के पावन अवसर पर महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, सीसीएल गांधीनगर में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डी.ए.वी. एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं के मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। परेड ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी।

समारोह में मुख्य अतिथि, सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, डीआईजी सीआईएसएफ श्री डी.पी. परिहार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 75वाँ गणतंत्र दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

अपने संबोधन में सीएमडी डा. बी. वीरा रेड्डी ने 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामानाएँ और बधाई दी और देश के वीर शहीदों एवं संविधान निर्माताओं को याद किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल एक कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति में सफलतापूर्वक योगदान दे रही है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन की ओर तेजी से बढ़ते हुये 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ अब तक लगभग 63 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर लिया है। वहीं 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ अब तक 66 मिलियन टन कोयले का प्रेषण कर चुका है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 तक कई बड़ी खनन परियोजनाओं जैसे चन्द्रगुप्त ओसीपी, संघमित्रा ओसीपी, रोहणी, करकट्टा इत्यादी कई परियोजनाओं की शुरूआत एवं विस्तार किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष 2027–28 तक भूमिगत खदानों से सीसीएल का कोयला उत्पादन 7.5 मिलियन टन हो जायेगा। उन्होंने सीसीएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण में किये गये कार्यों को रेखांकित करते हुये कहा कि वर्ष 2023 में सीसीएल द्वारा 231 हेक्टयर से अधिक क्षेत्र में पौधारोपण किया गया है।

डॉ. रेड्डी ने कहा कि सीसीएल उर्जा सुरक्षा के साथ–साथ हितधारकों का समावेशी विकास कर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। उन्होंने सीसीएल के महत्वाकांक्षी योजना सीसीएल के लाल–लाडली का उल्लेख करते हुये कहा कि इस पहल के माध्यम से गरीब मेधावी छात्रों को निरूशुल्क कोचिंग के साथ–साथ लॉजिंग तथा स्कूलिंग की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि सीसीएल द्वारा विद्यार्थियों को समुचित संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पाँच हजार सिटों वाली एक स्टेट पुस्तकालय का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त 200 बेड वाली सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण



शांति एवं प्रगति के प्रतीक तीनों रंगों के गुब्बारे आकाश में उड़ाते हुए मुख्य अतिथि डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण



अवसर विशेष पर पैरेड का निरीक्षण करते सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी




पैरेड करते जवान और सलामी लेते सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी

किया जाना है। सीसीएल रामगढ़ में बच्चों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अक्षयपात्र के साथ मिलकर सेन्ट्रलाईज्ड किचेन बना रहा है जिससे लगभग 50 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व की भांति आगामी 11 फरवरी 2024 को सीसीएल द्वारा द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को इस मैराथन में अधिक से अधिक संख्या भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

अवसर विशेष पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों ने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा व बचाव, रोड सेफ्टी, आत्मनिर्भर भारत जैस विषयों पर झांकी प्रदर्शित किया। साथ ही सीआईएसएफ के जवानों द्वारा डॉग शो प्रदर्शन किया गया जिसे उपस्थित सभी ने सराहा। डी.ए.वी., गांधीनगर, केन्द्रीय विद्यालय एवं ज्ञानोदय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शांति एवं प्रगति स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाये। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षाकर्मियों, परेड में शामिल प्लाटून कमांडर्स, परेड कमांडर को सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने पुरस्कार प्रदान किया।

इससे पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# सीसीएल द्वारा राँची में 11 फरवरी को किया जायेगा "द्वितीय कोल इंडिया मैराथन" का आयोजन

दिनांक 09 जनवरी को सीसीएल मुख्यालय में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने "द्वितीय कोल इंडिया मैराथन" का सेल्फी प्वॉइंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। सीएमडी डॉ. रेड्डी के साथ–साथ निदेशकगणों तथा उपस्थित सभी लोगों ने सेल्फी पॉइंट पर अपना–अपना सेल्फी लिया।

बताते चलें की यह दूसरी बार है जब सीसीएल द्वारा राँची में भव्य मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के प्रोफेशनल धावकों के साथ–साथ राज्य तथा देश के विभिन्न ईलाकों से बड़ी संख्या में लोग भी भाग लेने जा रहें हैं। पिछली बार की भांति इस बार भी मैराथन का आयोजन चार श्रेणियों (कैटेगरीज) में किया जा रहा है। मैराथन में भाग लेने के लिए देश के इच्छुक धावक अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कर सकते है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 28 जनवरी, 2024 है।




सेल्फी प्वॉइंट पर उपस्थित सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वि.) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

# सीसीएल में एससी–एसटी और महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय "स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट" कार्यक्रम का आयोजन



दीप प्रज्ज्वलित कर स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का उद्घाटन करते श्री आयुष अग्रवाल, निदेशक, सीपीएसई और मंत्रालय (जीईएम) साथ में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तिगण

विगत 10 जनवरी को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, राँची द्वारा सीसीएल मुख्यालय, राँची में एससी–एसटी और महिला एमएसई उद्यमियों के लिए एक दिवसीय विशेष विक्रेता विकास (स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि झारखण्ड राज्य स्थित एससी–एसटी और महिला एमएसई के उद्यमियों को जीईएम पोर्टल के प्रति जागरूक करते हुए उक्त पोर्टल में अपना पंजीकरण करा कर इसका लाभ उठाते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक एससी–एसटी और महिला एमएसई उद्यमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्री आयुष अग्रवाल, निदेशक, सीपीएसई और मंत्रालय (जीईएम), श्री श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक (एमएम)/विभागाध्यक्ष, श्री इंद्रजीत यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई–डीएफओ और श्रीमती किरण मारिया तिरु, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एनएसएसएचओ, राँची ने किया।

कार्यक्रम के दौरान सीसीएल, जीईएम, एनएसएसएचओ के अधिकारियों और एससी–एसटी और महिला एमएसई के उद्यमियों के बीच एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ। उद्यमियों को सीसीएल में एमएसई से खरीदी गई वस्तुओं के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गयी साथ ही एमएसई से खरीद के लिए आरक्षित वस्तुओं की सूची के साथ जीईएम (GeM) पोर्टल पर निविदाओं में भाग लेने के लिए एमएसई को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत

कराया गया। मेक इन इंडिया, सार्वजनिक खरीद नीति आदि जैसी निविदाओं में एमएसई की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम का समापन श्री आर के जयसवाल, श्री एस के सहाय, महाप्रबंधक (एमएम–परचेज) और श्री राज किशोर, महाप्रबंधक, (एमएम–परचेज) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का एक दृश्य

# सीसीएल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

विगत 12 जनवरी को नगरी बस्ती, बुकरू, राँची में सीसीएल के जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क चर्म रोग (लेप्रोसी) सहित अन्य बिमारियों के स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 142 लोगों का जाँच किया गया एवं चिकीत्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में विशेषकर हाईपरटेंशन, कुष्ठ रोग एवं आँख का निःशुल्क जाँच किया गया जिसमें 60 लोगों का शुगर एवं 42 लोगों का हिमोग्लोबीन का भी जाँच किया गया।



ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जेन, सीएमएस मयूरी भट्टाचार्य, डॉ. प्रीती तीग्गा, डॉ. शशिकान्त प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. अम्बरीश कुमार, डॉ. अंकुर, डा. पायल, डॉ. शिखा एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया और इस आयोजन के लिए सीसीएल को धन्यवाद दिया।

# Just Transition in Indian Coal Sector – Way Forward पर पैनल डिस्कशन का आयोजन

विगत 15 जनवरी को सीसीएल मुख्यालय, राँची में Just Transition in Indian Coal Sector – Way Forward पर 'पैनल डिस्कशन' आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल खनन करते हुए ग्लोबल टेम्परेचर को 2 ड्रीग्री से कम करने का लक्ष्य हासिल करना था।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य माननीयगण

अवसर विशेष पर सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, चेयरमैन, झारखण्ड सरकार, जेटीटीएफ, श्री ए.के. रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना–परियोजना), इसीएल, श्री एन.के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना–परियोजना), बीसीसीएल,




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी को सम्बोधित करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी

श्री एस.के. सिंह, सीईओ, सीड, श्री रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल मुख्यालय सहित क्षेत्र के अधिकारीगण ने भी इस पैनल डिस्कशन में भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएमडी सीसीएल ने बताया कि जस्ट ट्रैन्जिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी प्रोजेक्ट, भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनेबल माईनिंग किया जा रहा है और खनन क्षेत्र में रहने वाले स्टेकहोलर्ड्स को भी इससे संबंधित जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर चेयरमैन, झारखण्ड सरकार, जेटीटीएफ, श्री ए.के. रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना–परियोजना), इसीएल, श्री एन.के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना–परियोजना), बीसीसीएल, श्री एस.के. सिंह, सीईओ, सीड, श्री रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार ने अपने–अपने संबोधन में जस्ट ट्रांजेशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये सभी ने कहा कि इनर्जी ट्रांजिशन होना निश्चित है और हम सभी लोगों को अभी से इस क्षेत्र में कार्य करना होगा।

# जवाहर नगर कॉलोनी में 'अमृत पार्क' का उद्घाटन



'अमृत पार्क' का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदे. (तक./संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य

विगत 15/01/2024 के संध्या में सीसीएल के जवाहर नगर आवासीय कॉलोनी में खेल क्षेत्र और ओपन जिम क्षेत्र से सुसज्जित पार्क का उद्घाटन सीसीएल सीएमडी श्री बी वीरा रेड्डी द्वारा किया गया। अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री रामबाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री बी साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा तथा सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। पार्क का नाम 'अमृत उद्यान' रखा गया है और यह जवाहर नगर कॉलोनी के निवासियों और विशेष रूप से बच्चों को आनंद लेने के लिए एक सुंदर स्थान है।पार्क में ईपीडीएम फ्लोर ट्रैक भी है जो कर्मियों के मॉर्निंग तथा इवनिंग वॉक को ध्यान में रखकर बनाया गया है ।

ज्ञातव्य हो कि कर्मियों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन हेतु समय समय पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा सकारामक कदम उठाए जाते है। जवाहर नगर निवासियों ने इस पहल की खूब प्रशंसा की।

# कोयला मंत्रालय द्वारा वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी एवं कोयला क्षेत्र में अवसरों पर राँची में रोड शो का आयोजन




अवसर विशेष पर लोगों का संबोधित करते हुए श्री एम. नागराजू अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार

विगत 16 जनवरी को राँची में कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी एवं कोयला क्षेत्र में अवसरों से संबंधित रोड शो (Road Show on Commercial Coal Mine Auctions Opportunities in Coal Sector) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सचिव (कोयला), श्री अमृत लाल मीणा वर्चुअल माध्यम से जूड़े रहे। कार्यक्रम में अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री एम नागराजू, कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री पी.एम. प्रसाद, खान सचिव, झारखण्ड सरकार, श्री अबू बकर सिद्दकी, उद्योग सचिव, झारखंड सरकार, श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, माइंस भू–गर्भ विभाग, झारखंड सरकार, श्री अरवा राजकमल, डॉ. ए. ए. चौहान सहित सीएमडी, सीसीएल, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

सचिव (कोयला), श्री अमृत लाल मीणा ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुये कहा कि पिछले तीन वर्षों में कमर्शियल माईनिंग के क्षेत्र में क्रांति आ गयी है और यह पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है और इसका परिणाम आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि देश की उर्जा आवश्कयता को पूरा करने में झारखंड राज्य का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें राज्य सरकार की ओर से जमीन की उपलब्धता एवं अन्य जरूरी सहयोग मिल रहा है, हम उनके अभारी हैं। आने वाले समय में कोयले से मिलने वाली राजस्व में निरंतर वृद्वि हो रही है। श्री मीणा निवेशधारकों (बिडर्स) को संबोधित करते हुये कहा कि कोयले में निवेश से उन्हें दीर्घकालीन वापसी है और इसका भविष्य काफी उज्ज्वल है। उन्होंने आज के समय में पावर सेक्टरों को समूचित कोयला उपलब्ध कराया जा रहा है।

अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री एम नागराजू ने कहा कि उपरोक्त से संबंधित राज्य सरकार के साथ प्रत्येक महीना मिटिंग करने की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजकगण को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुये कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सभी के बीच नई–नई तकनीकों की जानकारी मिलती है और इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है।

कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि झारखंड में कोयले की अपार संभावनाएं हैं। देश की उर्जा आवश्यकताओं मध्येनजर कर्मिशयल मांइनिंग आवश्यक है। देश के जीडीपी में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान है ।

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने उपस्थित सभी का स्वागत किया




और उन्होंने झारखण्ड में कमर्शियल माईनिंग की वस्तुस्थिति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल माइनिंग के माध्यम से गुणवर्तापूर्ण कोयले का उत्पादन बढ़ाना है।

खान सचिव, झारखण्ड सरकार, श्री अबू बकर सिद्दकी ने कहा कि झारखण्ड में कोयले की अपार भंडार है और राज्य के बहुत से कोयला खदानों की निलामी की जा रहा है। राज्य की राजस्व का मुख्य स्रोत कोयला खदान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि झारखण्ड सरकार हर समय आपके साथ है। झारखण्ड में रोड शो होना हम सभी के लिए गर्व की बात है और इससे सभी लाभान्वित होंगे।

अवसर विशेष पर उपस्थित लोगों ने सुझाव के साथ–साथ प्रश्न भी किये जिसका संतोषजनक उत्तर दिया गया।

ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने वाणिज्यिक नीलामी के 8वें दौर के अंतर्गत 39 कोयला खदानों और वाणिज्यिक नीलामी के 9वें दौर के अंतर्गत 31 कोयला खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। ये 70 कोयला खदानें कोयला भंडार वाले राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से हैं। कुल 70 कोयला खदानों में से 27 पूरी तरह से खोजी हुई हैं और 43 आंशिक रूप से खोजी गई हैं। इसके अलावा, सात कोकिंग कोयला खदानें और शेष गैर–कोकिंग कोयला खदानें हैं। विस्तृत विचार–विमर्श के बाद इन खदानों को अंतिम रूप दिया गया है और संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों, महत्वपूर्ण आवासों, 40 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र, भारी निर्मित क्षेत्र आदि के अंतर्गत आने वाली खदानों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। कुछ कोयला खदानों की ब्लॉक सीमाएँ, जहाँ घनी आबादी, उच्च हरित आवरण या महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे आदि की उपस्थिति है, को इन कोयला ब्लॉकों में बोलीदाताओं की रुचि और भागीदारी को बढ़ाने के लिए हितधारक परामर्श के दौरान प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर संशोधित किया गया है।

नीलामी प्रक्रिया की मुख्य विशेषताओं में अग्रिम राशि और बोली सुरक्षा राशि में कमी किए जाने के साथ ही आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों के मामले में कोयला खदान का कुछ हिस्सा छोड़ने की अनुमति प्रदान करना शामिल है। भूमिगत कोयला खदानों की प्रदर्शन, बिना किसी प्रवेश बाधा के भागीदारी में आसानी, कोयला उपयोग में पूर्ण लचीलापन, अनुकूलित भुगतान संरचनाएँ, शीघ्र उत्पादन के लिए प्रोत्साहन और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी के उपयोग पर इस ऑन–लाइन वाणिज्यिक नीलामी के अन्य महत्वपूर्ण आकर्षण हैं।

वाणिज्यिक कोयला खदान की नीलामी के 8वें दौर के लिए निविदा दस्तावेज की बिक्री 15 नवंबर, 2023 को और 9वें दौर की नीलामी के लिए 20 दिसंबर, 2023 को शुरू हुई थी। खानों का विवरण, नीलामी की शर्तें, समय–सीमा आदि को इस्पात मंत्रालय के मिनी–नवरत्न लोक उपक्रम एमएसटीसी लिमिटेड के नीलामी मंच पर प्राप्त किया जा सकता है। नीलामी राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर दो चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

वाणिज्यिक कोयला खदान की नीलामी के लिए कोयला मंत्रालय का एकमात्र लेनदेन सलाहकार एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड है।

धन्यवाद ज्ञापन सीएमपीडीआई के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने किया।

“

*जिस चीज का सामना करने से आपको डर लगता है,*
*उस चीज का सामना करके आप मजबूत भी बन सकते हैं।*

”

# अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया ने सुश्री अमीषा केरकेट्टा को किया सम्मानित




आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की उप–विजेता सुश्री अमीषा केरकेट्टा को तीन लाख का चेक प्रदान कर सम्मानित करते हुए अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्री एम. नागराजू, अध्यक्ष, कोल इण्डिया श्री पी. एम. प्रसाद, सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य गण्मान्यगण

विगत 16 जनवरी को होटल बीएनआर, चाणक्य, राँची में आयोजित एक कार्यक्रम में आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की उप–विजेता, सुश्री अमीषा केरकेट्टा को अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री एम नागराजू एवं कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री पी.एम. प्रसाद ने तीन लाख रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अमृत लाल मीणा वर्चुअल रूप से जुड़े थे। साथ ही कार्यक्रम में खान (सचिव), झारखण्ड सरकार, श्री अबू बकर सिद्दकी, उद्योग सचिव, झारखंड सरकार, श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, माइंस भू–गर्भ विभाग, झारखंड सरकार, श्री अरवा राजकमल, डॉ. ए.ए. चौहान सहित सीएमडी, सीसीएल, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि झारखण्ड की बेटी सुश्री अमीषा केरकेट्टा ने आर्मेनिया के येरेवन में आयोजित आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 (54 कि. ग्रा. वर्ग) में अमीषा केरकेट्टा ने रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है।

यह पहला अवसर था जब जेएसएसपीएस की किसी बॉक्सर ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की प्रतिनिधित्व की है। सुश्री केरकेट्टा इस प्रतियोगिता के अलावे कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई मेडल जीत चुकी है।

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए
जिससे चरित्र का निर्माण हो,
मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो
और मनुष्य अपने पैर पर खड़ा हो सके।



# धूमधाम से मनाया गया 'पराक्रम दिवस'

विगत 23 जनवरी को सीसीएल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 127वीं जयंती के अवसर पर 'पराक्रम दिवस' मनाया गया। उपस्थित सभी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कर्मियों ने भारत की स्वतंत्रता हेतु नेताजी द्वारा किए गए संघर्षों का स्मरण करते हुए उनके मूल्यों को आत्मसात करने की बात की।

अवसर विशेष पर सीएमएस गांधीनगर डॉ. सुमन सिंह, विभागाध्यक्षा (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडे, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) श्री सुजीत गोस्वामी, विभागाध्यक्षा (मैनपॉवर), श्रीमती कविता गुप्ता, श्री पी.के सिन्हा, श्री आरके सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


पराक्रम दिवस पर उपस्थित सीएमएस गांधीनगर डॉ. सुमन सिंह, विभागाध्यक्षा (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडे, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) श्री सुजीत गोस्वामी, विभागाध्यक्षा (मैनपॉवर), श्रीमती कविता गुप्ता एवं अन्य कर्मी

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

विगत 24 जनवरी को सीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती मनाई गई।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री बी साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं कर्मियों ने जननायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उपस्थित सभी ने स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर के योगदान को याद किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जननायक बिहार के मुख्यमंत्री भी रहें। वे सामाजिक वैचारिकी के अगुआ थे। उन्हें उनके समतामूलक एवं समावेशी विचार के लिए भी याद किया जाता है। निदेशक गणों ने उनके जीवन से सीख लेने की बात करते हुए उनके बताए रास्ते के अनुकरण की बात कही। कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

# सीसीएल ने शुरू की 'सीसीएल क्वेस्ट (बूझो तो जानें)'

सीसीएल द्वारा एक नई पहल के रूप में अपने सोशल मीडिया पर 'सीसीएल क्वेस्ट (बूझो तो जानें)' क्विज की शुरुआत निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में की गयी। इस क्विज के माध्यम से खनन, लाइफस्टाइल, स्वास्थ्य इत्यादि से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस प्रयास से सीसीएल को ऑनलाइन कम्युनिटी से जुड़ने का और बेहतर अवसर प्राप्त होगा साथ ही साथ इस प्रश्नोत्तरी से ज्ञानवर्धन भी होगा।

इस क्विज श्रृंखला के प्रथम भाग में मैराथन से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे और मैराथन के बारे में जागरूक किया जायेगा। ज्ञात हो कि आगामी 11 फरवरी को कोल इंडिया के तत्वाधान में द्वितीय कोल इंडिया मैराथन राँची में आयोजित किया जा रहा है। यह मैराथन महिला एवं पुरुष की चार श्रेणी – फुल मैराथन (42.19 किमी), हाफ मैराथन (21.09 किमी), 10 किमी एवं 5 किमी में आयोजित किया जायेगा। विजेताओं को पुरस्कार स्वरुप कूल 33.12 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इस क्विज के शुरुआत में जनसम्पर्क विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 20 कर्मियों सर्वश्री मनोरंजन बिरुआ, महाप्रबंधक (कर्म. स्था.), बालकृष्ण लाडी, महाप्रबंधक (सिविल),सीएसआर विभाग, सत्येंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक (उत्खनन), डॉ. मयूरी भट्टाचार्जी, सीएमएस, गांधीनगर अस्पताल, प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), संजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (का.), राजभाषा विभाग, भगवान सिंह, मुख्य प्रबंधक, भर्ती विभाग, अविनाश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक (का.), सुरक्षा विभाग, प्रदीप कुमार, सब.इंजी., गांधीनगर अस्पताल, ओम प्रकाश मंडल, ओएस (ग्रे. 1), श्रीमती मंजू घोष, मेट्रोन (ए 1), मुर्तजा अंसारी, वरीय सहायक, श्रीमती सांता सविता भेंगरा, सीनियर टेलीफोन ऑपरेटर, तारिक अहमद खान,लेखपाल, रबिन्द्र प्रसाद वर्मा, सी. केमि. (ए 1), कृष्ण कुमार, डीईओ, मो. सुल्तान, फोरमैन, आयोधि राय, कूक, बेनी नाथ महली, (केट. 1) एवं बिंदेश्वर साहू, एएसएसई को आज सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान–सह–विदाई समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक (तक./यो. एवं परि.) उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जनवरी माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 175 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तक./योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कार्मिकों के प्रति अपनी शुभेक्षा प्रकट करते हुए उनके भावी जीवन के स्वस्थ एवं खुशहाल होने की मंगल कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधिगण ने मुख्य भूमिका निभाई।

# समाचार पत्रों में सीसीएल

## सीसीएल में हुआ एससी-एसटी और महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची द्वारा सीसीएल मुख्यालय, रांची में एससी-एसटी और महिला एमएसई उद्यमियों के लिए एक दिवसीय विशेष विक्रेता विकास (स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड राज्य स्थित एससी-एसटी और महिला एमएसई के उद्यमियों को जीईएम पोर्टल के प्रति जागरूक करते हुए उक्त पोर्टल में अपना पंजीकरण करा कर इसका लाभ उठाते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक एससी-एसटी और महिला एमएसई उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुष अग्रवाल, निदेशक, सीपीएसई और मंत्रालय (जीईएम), श्याम मारिया तिरु, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एनएसएसएचओ, रांची ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल, जीईएम, एनएसएसएचओ के अधिकारियों और एससी-एसटी और महिला एमएसई के उद्यमियों के बीच एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ। उद्यमियों को सीसीएल में एमएसई से खरीदी गई वस्तुओं के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गयी साथ ही एमएसई से खरीद के लिए आरक्षित वस्तुओं की सूची के साथ जीईएम पोर्टल पर निविदाओं में भाग लेने के लिए एमएसई को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। मेक इन इंडिया, सार्वजनिक खरीद नीति आदि जैसी निविदाओं में एमएसई की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन आर के जयसवाल, एसके सहाय,

## सीसीएल में जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड पर पैनल डिस्कशन का आयोजन

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में 'जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड' पर सोमवार को पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल खनन कर ग्लोबल टम्प्रेचर को 2 डिग्री से कम करने का लक्ष्य हासिल करने पर था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने बताया कि जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी प्रोजेक्ट, भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग की जा रही है। खनन क्षेत्र में रहने वाले ... जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर जेटीटीएफ के चेयरमैन एके रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन) आरबी प्रसाद, तकनीकी (योजना-परि... इसीएल एनके सिंह, तकनीकी (योजना-परि... सीड, रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल पंकज कुमार ने अपने ...

## बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा को सीसीएल ने दिया तीन लाख का चेक




**रांची.** जेएसएसपीएस की कैडेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग खिलाड़ी अमीषा केरकेट्टा को कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव एस नागराजू व कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने मंगलवार को एक ...

## Union Coal Secretary met CM



... Additional Secretary, Coal Ministry and Dr. B. Veera Reddy, CMD of Central Coalfields Limited (CCL). ... of TVNL was discussed with CCL. Principal Secretary to the Chief Minister, Vinay Kumar Choubey was also

## कोयला खदानों की नीलामी एवं अवसरों पर किया रोड शो

संवाददाता। रांची



राजधानी में कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी एवं कोयला क्षेत्र में अवसरों से संबंधित रोड शो का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सचिव (कोयला), अमृत लाल मीणा वर्चुअल माध्यम से जुड़े. कार्यक्रम में अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, एम नागराजू, कोल इंडिया अध्यक्ष, पी.एम. प्रसाद, खान (सचिव), झारखंडड सरकार, अब्बूबक्कर सिद्दीकी, उद्योग सचिव, झारखंड सरकार, जितेन्द्र कमार ... (संचालन), सीसीएल, आर.बी. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना व परियोजना). ... ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षा में कामर्शियल माईनिंग के क्षेत्र में क्रांति आ गयी है और यह पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है और इसके परिणाम आने लगे हैं. उन्होंने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में झारखंड राज्य का महत्वपूर्ण योगदान है. हमें राज्य सरकार की ओर से जमीन की उपलब्धता एवं अन्य जरूरी सहयोग मिल रहा है, हम उनके अभारी हैं. अपर सचिव एम नागराजू ने कहा कि उपरोक्त से संबंधित राज्य सरकार के साथ हर महीने मीटिंग करने की ...रत है. उन्होंने सफल आयोजन ...लिए बधाई देते हुए कहा कि इस ... के कार्यक्रम से सभी के बीच ...नई तकनीकी जानकारी मिलती ...और इसका लाभ समाज के अंतिम ...क्ति तक मिलेगा.

## विस्थापितों व कोयला मजदूरों का विकास भी कोल इंडिया प्रबंधन की जिम्मेवारी : पीएम प्रसाद



संवाददाता बेरमो। पूर्व पार्षद सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर कोल इंडिया के चैयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं देते हुए विस्थापितों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से संबंधित चर्चा की। श्री प्रसाद ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन देश को बिजली मुहैया कराने के लिए तत्परता के साथ कार्य करती है। कोयला उत्पादन में सुरक्षा सर्वपरि है। विस्थापितों की हर समस्याओं का समाधान करना कोल इंडिया प्रबंधन की जिम्मेवारी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित खेल एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा विस्थापितों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। सीसीएल में कोयले का अकुत भंडार है, जो आनेवाले दिनों में फोरेस्ट क्लीयरेंस और विस्थापन के बाद सीसीएल कम्पनी बहुत बेहतर करेगी। वित्तीय वर्ष भी अपना लक्ष्य प्राप्त करेगी। भविष्य में कोयला उत्पादन के लिए विशेष प्रकार के टेक्नोलॉजी का हमलोग उपयोग करेंगे, ताकि कोयला का उत्पादन सरल हो सके। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। श्री ठाकुर ने उन्हें बेरमो कोयलांचल आने के लिए अनुरोध किया तो उन्होंने कहा कि जरूरत पडने पर बेरमो कोयलांचल का निरीक्षण करूंगा।

## COAL IMPORT BY POWER PLANTS DECLINES 40.66% IN APRIL-DEC AS LOCAL PRODUCTION RISES

New Delhi, (IANS) The country's power generation based on domestic coal increased by 7.14 per cent to 872 billion units during April-December of the current financial year, compared to 813.9 billion units generated in the same period of the previous fiscal.



This reflects a robust increase in domestic production of coal to meet the growing energy demand in the country, the Ministry of Coal said in a statement on Monday.

Coal import by power plants for blending decreased substantially by 40.66 per cent to 17.08 million tonnes (MT) during April-December, from 28.78 MT in the corresponding period of the previous year, despite the escalating power ... the nation's commitment to self-reliance in coal production and minimising overall coal imports, the statement said.

In India, power is generated from conventional (thermal, nuclear and hydro) and renewable sources (wind, solar, biomass etc.). ... the previous year, while overall power generation grew 6.71 per cent during

## सीसीएल सीएसआर के तहत गरीब व असहाय ग्रामीणों को दिये गये कम्बल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चरही :** सीसीएल सीएस आर के तहत गरीब और असहाय ग्रामीण को कंबल वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से तपिन साउथ मैनेजर भूषण सिंह सर और सेल्स मैनेजर देवा सर असिस्टेंट मैनेजर ... और बहेरा पचायत ...य शक्ति देवी और ...संतोष कुमार राय ठंड ... कंबल वितरण किए ...का मांझी, मो पार्वती देवी, सविता होरो, ...नो देवी, लक्ष्मी साव, सुकरी देवी, सुखो ... देवी, छुटकी देवी, ...त्री, जासो मसोमत, ...एवं अन्य लोगों को वितरण किया गया शीतलहरी व सर्द पछुआ हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए बहेरा आदि जगहों पर शनिवार की सुबह ठंड से ठिठुरते गरीब, असहाय, निर्धन लोगों के बीच समाजसेवी संतोष राय लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब रात में अचानक कंबल मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल गए। विशाल सिंह का धन्यवाद करते हुए लोग भावुक हो गए। ठण्ड की इस रात में उनका हाल चाल देखने आए व कंबल देकर मदद करने पर उन्होंने खुशी जाहिर की। साथ ही विशाल सिंह की इस पहल की सराहना की। बहेरा पंचायत



समिति शक्ति देवी ने कहा कि गरीब व निर्धन, असहायों को सर्दी से बचाव, बहेरा आदि जगहों पर फुटपाथ पर रात में सो रहे बेसहारा लोगों के बीच दर्जनों कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा की भीषण ठंड को देखते हुए ... होता देख लोगों ने कहा की उन्होंने सर्दी से ठिठुरते गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। समाजसेवी संतोष राय ने कम्बल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह ...

## कोल इंडिया मैराथन में सक्रिय हिस्सेदारी निभायेगा एनआइपी...

**एथलेटिक्स**

संवाददाता, रांची

- 11 फरवरी को आयोजित ... कोल इंडिया मैराथन
- लोगों के बीच शारीरिक फि... की संस्कृति विकसित क... मैराथन का उद्देश्य
- शुक्रवार को हुई एनआइ... चैप्टर की बैठक में पंपलेट ब्रोशर जारी किया गया
- आयोजन से उद्योग प्रबंधन ... उत्कृष्टता को मिलेगा बढ़ा...

राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान (एनआइपीएम); रांची चैप्टर में शुक्रवार को पदाधिकारियों की बैठक हुई. इसमें 11 फरवरी को होनेवाले कोल इंडिया मैराथन में सक्रिय भागीदारी निभाने की घोषणा की गयी.

इस मौके पर सदस्यों के बीच खुशहाली लाने और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति विकसित करने के लिए भाग लेने का निर्णय लिया गया. सदस्यों ने कहा कि यह पहल न केवल उद्योग प्रबंधन उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि कर्मचारी कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा ... निश्चित रूप से शारीरिक ... और सकारात्मक प्रभाव ... में प्रयास करेगी. बैठक ... उपाध्यक्ष संजय कुमार ... मैराथन के पंपलेट और ब्रो... किया. बैठक में संजय कुम... पांडेय, अंकुर आदि मौजूद ...

## सीसीएल में धूमधाम से मना पराक्रम दिवस



**रांची।** सीसीएल रांची में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 127 वीं जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की. कर्मियों ने भारत की स्वतंत्रता हेतु नेताजी द्वारा किए गए संघर्षों का स्मरण करते हुए उनके मूल्यों को आत्मसात करने की बात की. इस अवसर पर सीएमएस गांधीनगर डॉ. सुमन सिंह विभागाध्यक्षा (कल्याण) रेखा पांडे ,विभागाध्यक्ष (प्रशासन) सुजीत गोस्वामी, विभागाध्यक्ष( मैनपॉवर) कविता गुप्ता , पी.के सिन्हा, आरके सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे. कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग एवं अन्य की भूमिका रही.

## सीसीएल में मनाई गई जाननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती



रांची : सीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती मनाई गई। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो/परि.) बी साईराम, सीवीओ पंकज कुमार,महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं कर्मियों ने जननायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी ने स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर योगदान को याद किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जननायक बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे। वे सामाजिक वैचारिकी के अगुआ थे।उन्हें उनके समतामूलक एवं समावेशी विचार के लिए भी याद किया जाता है। निदेशक गणों ने उनके जीवन से सीख लेने की बात करते हुए उनके बताएं रास्ते के अनुकरण की बात कही।कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डकरा में एनके एरिया वार्षिक सीएसआर की हुई बैठक

देशप्राण संवाददाता



**डकरा, 24 जनवरी :** डकरा स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस के सभागार में बुधवार को उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र की वार्षिक सीएसआर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने किया। इस दौरान प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा सहित पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, रैयत विस्थापित मोर्चा प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति की उपस्थिति में गत वर्ष सीएसआर के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही 2024-25 के लिए संभावित प्रमुख सीएसआर कार्यो की सूची पर सहमती बनाई गई। इसके अलावा वैकल्पिक रोजगार को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास जैसे मशरूम उत्पादन, सैनिटरी पैड बनाना, झाड़ू-पोछा बनाना इत्यादि का प्रशिक्षण दिए जाने की बात कही गयी। वहीं नवयुवकों के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण देने की भी बात पर सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से स्टाफ अधिकारी (ई एंड एम), सुजॉय चट्टोपाध्याय, स्टाफ अधिकारी (पी एंड ए) ज्योति कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) सुजीत रंजन, सीएसआर अधिकारी, निखिल अखौरी, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी टी. एक्का के अलावा मुखिया पारसनाथ उरांव, तेजी किस्पोट्टा, पुतुल देवी, पुश्पा खलखो, मलका मुंडा, शिवरत मुंडा, संतोश कुमार महली सहित क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** · 01 Jan

Best Ever performance of CCL!
Crushing records company achieved its best ever performance till Dec with 55.8 MT Coal production, dispatch hitting an all time high at 60.5 MT, and OBR scaling new heights at 90.4MCuM
A stellar performance by #TeamCCL to end the year on a high note.




Pralhad Joshi and 4 others

**Central Coalfields Limited** · 15 Jan

Panel discussion on "Just Transition In Indian Coal Sector .. Way Forward" organised at CCL Hq.
Dr B. Veera Reddy CMD CCL graced the occasion along with FDs, CVO of CCL, Directors of subsidiaries of CIL and other dignitaries.The panelists deliberated on various aspects of topic



Pralhad Joshi and 4 others

9 24 369

**Central Coalfields Limited** · 12 Jan

A friendly football match was played between CCL 11 and Press 11. The senior management of CCL participated in the match along with other employees and media personnel. Press 11 emerged victorious in the match. Glimpses of the same..



Coal India Limited and 3 others

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Celebrating 75th Republic Day with fervour at CCL !

Dr. B. Veera Reddy, CMD, CCL unfurls the tricolour at GNC, Ranchi.
Operational Areas showcase their pride with vibrant Tableau. A delightful array of cultural prog added to the jubilation.

Jai Hind !!
@CoalMinistry @JoshiPralhad



(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग